e-Mail

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

स0सं0:– 17–वि0सर्वे0(कार्यवाही)–84 / 2019 1853 पटना, दिनांक :– 02-07-2021

प्रेषक,

जय सिंह, भा0प्र0से0
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

सेवा में,

राज्य सूचना विज्ञान पदाधिकारी,
NIC, पटना।

पटना, दिनांक :–

विषय :– भू–नक्शा सॉफ्टवेयर में हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों द्वारा पूर्व से संधारित किए गए नक्शों को विलोपित करने के संबध में।

प्रसंग :– निदेशालय का पत्रांक–1824 दिनांक–29.06.2021 एवं पत्रांक–1823 दिनांक–29.06.2021

महाशय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में कहना है कि विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त प्रक्रिया अन्तर्गत प्रयुक्त होने वाले भू–नक्शा सॉफ्टवेयर संबंधी समस्याओं के संबंध में दिनांक–25.06.2021 को NIC एवं हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आहूत की गई, जिसमें निदेशालय के आई0टी0 सेल के द्वारा भू–नक्शा सॉफ्टवेयर से संबधित निम्नाकिंत कठिनाईयों को श्री संजय कुमार, तकनीकी निदेशक, एन0आई0सी0 के समक्ष उपस्थापित किया गया। उक्त के संबंध में विस्तृत प्रतिवेदन के साथ पत्रांक–1824 दिनांक–29.06.2021 आपको समर्पित किया गया है।

इस विषय से संबधित दिनांक–25.06.2021 को हुई बैठक में यह भी पाया गया था कि हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों द्वारा भू–नक्शा सॉफ्टवेयर में खानापुरी अपडेटेड नक्शों के साथ–साथ कुछ प्रारंभिक चरण के नक्शों को भी संधारित कर दिया गया है। चुँकि भू–नक्शा सॉफ्टवेयर में केवल खानापुरी अपडेटेड नक्शों को ही एजेंसियों द्वारा संधारित किया जाना है और वर्तमान में एजेंसियों द्वारा सभी प्रकार के नक्शों को संधारित करने से भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो रही है। इस कारण बैठक में हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों द्वारा भू–नक्शा सॉफ्टवेयर में पूर्व से संधारित सभी नक्शों को विलोपित करने का निर्णय लिया गया था।

अतः अनुरोध है कि भू–नक्शा सॉफ्टवेयर में हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों द्वारा पूर्व से संधारित किए गए नक्शों को विलोपित करने की कृपा की जाए ताकि हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों द्वारा दिये गये निदेश के आलोक में प्रविष्टियों का संधारण किया जा सके।

विश्वासभाजन

(जय सिंह)
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

ज्ञापांक :– 17–वि0सर्वे0(कार्यवाही)–84 / 2019 1853 पटना, दिनांक 02-07-2021

प्रतिलिपिः– श्री संजय कुमार, तकनीकी निदेशक, NIC, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

D:\Sumam 2021\Surendra kumar ASO\Director\file no -84- 2019 02.07.2021.doc

ज्ञापांक :– 17–वि0सर्वे0(कार्यवाही)–84 / 2019........1853........ पटना, दिनांक 02-07-2021

प्रतिलिपि:– सुश्री सुरभि सिंह, एम0आई0एस0 डाटा एनालिस्ट, आई0टी0सेल, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप
2/7/21